# दैनिक प्रेस विज्ञप्ति - 03 मई 2021

**अनावश्यक दवाईयां न देने के संबंध में विभाग द्वारा नीति निर्धारित की गई :-**

- अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली द्वारा जारी किये गए नए प्रोटोकाल अनुसार एवं राज्य के वरिष्ठ डाक्टरों की अनुशंसा पर कोविड के ईलाज हेतु स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, छत्तीसगढ़ द्वारा नया प्रोटोकॉल जारी किया गया है।

- अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली एवं आई.सी.एम.आर. की अनुशंसा अनुसार ये निर्देश जारी किए गए हैं कि रेमेडीसिविर, टोसीलिजुमाब एवं प्लाज्मा थेरेपी का उपयोग केवल अस्पतालों में ही किया जाए। इन दवाओं को प्रिस्काइब करने वाले डाक्टर की यह जिम्मेदारी होगी कि वह इन दवाओं के संबंध में मरीज की आवश्यकता का आकलन कर लें एवं यह भी सुनिश्चित कर ले कि मरीज को अन्य कोई बीमारी जैसे - किडनी रोग, हृदय रोग, कैंसर आदि तो नहीं है।

- यह दवाएं अभी एक्सपेरीमेंटल दवाएं हैं। अतः इन दवाओं को किसी भी मरीज को देने से पूर्व (Next of Kin) मरीज के परिजन से इन्फार्म्ड कंसेन्ट प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

- राज्य सरकार ने यह भी निर्देश दिए है कि इन दवाओं के उपयोग के संबंध में राज्य चिकित्सा परिषद् (State Medical Council) द्वारा दवाओं के उपयोग की ऑडिट की जाएगी एवं बिना किसी कारण ऐसी दवाएं प्रिस्काईब करने वाले डाक्टर के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी ।

**बिस्तर उपलब्ध होने पर भी कोरोना मरीजों को एडमिशन न देने वाले अस्पतालों पर कार्यवाही की जाएगी :-**

- राज्य सरकार ने आदेश जारी किया है कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, रायपुर द्वारा 5 अलग-अलग दल बनाए जाएगें, जो कि निजी अस्पतालों का भ्रमण कर, यह सुनिश्चित करेंगे कि पोर्टल पर बेड उपलब्धता की जानकारी अद्यतन रहे एवं बेड उपलब्ध होने की स्थिति में किसी भी मरीज को भर्ती होने से वंचित न होना पड़े।
- यह भ्रमण दल अस्पतालों में मरीजों से मिल यह भी ज्ञात करेंगे कि अस्पताल द्वारा मरीजों को भर्ती से वंचित तो नहीं किया जा रहा। यदि कोई अस्पताल मरीज को बेड उपलब्ध होने के बावजूद भर्ती करने से इंकार करता है तो ऐसी स्थिति में छत्तीसगढ़ उपचर्या गृह एवं रोगोपचार संबंधी स्थापनाए अधिनियम 2010 एवं नियम 2013 महामारी अधिनियम 1897 की कंडिका दो एवं छ.ग. एपिडेमिक डिसीज कोविड-19 रेगुलेशन 2020 की कंण्डिका 3 के अंतर्गत ऐसे अस्पतालों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

**कोरोना पर नियंत्रण के लिए 6.29 लाख लोगों को दी गई दवा किट**

- छत्तीसगढ़ में कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण और रोकथाम के लिए इसके 06 लाख 29 हजार 268 संदिग्ध मरीजों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा दवाईयों की किट वितरित की गई है। विभाग द्वारा कोरोना संक्रमण के लक्षण वाले व्यक्तियों के त्वरित इलाज और उन्हें गंभीर स्थिति में पहुंचने से बचाने के लिए मितानिनों एवं सर्विलेंस टीमों द्वारा दवाईयों की किट उपलब्ध कराई जा रही है। इस किट में आइवरमेक्टिन, डॉक्सीसाइक्लिन, पैरासिटामोल, विटामिन-सी और जिंक की टैबलेट शामिल हैं। कोविड-19 के संदिग्ध मरीजों को दवा किट उपलब्ध कराने के कई जिलों में अच्छे परिणाम आए हैं और वहां संक्रमण की दर में गिरावट आई है।
- स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रदेश में अब तक कोरोना के लक्षण वाले 02 लाख 93 हजार 262 लोगों को दवा किट उपलब्ध कराई गई है। जांच केंद्रों और अस्पतालों में कोरोना जांच के लिए पहुंच रहे इसके लक्षण वाले दो लाख 55 हजार 471 लोगों को भी दवा किट मुहैया कराया गया है। मितानिनों और सर्विलेंस टीमों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों व कन्टेनमेंट जोनों में एक्टिव सर्विलेंस के दौरान मिले 80 हजार 535 व्यक्तियों को भी कोरोना के इलाज और बचाव के लिए दवाईयां दी गई हैं।

# कोविड–19 की स्थिति (रात्रि 08:00 बजे तक)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | पॉजिटिव प्रकरण | आज | 15274 |
| | | कुल | 771701 |
| 2 | अस्पताल से डिस्चार्ज | आज | 1088 |
| | | कुल* | 127449 |
| 3 | होम आईसोलेशन से डिस्चार्ज | आज | 13288 |
| | | कुल* | 514000 |
| 4 | कुल डिस्चार्ज (अस्पताल + होम आईसोलेशन) | आज | 14376 |
| | | कुल | 641449 |
| 5 | वर्तमान में कुल सक्रिय | 120977 | |
| 6 | आज हुई मृत्यु कुल – 266 | कोविड–19 | 147 |
| | | को–मॉर्बिडिटी के साथ | 119 |

* पूर्व तिथि में हुए डिस्चार्ज की एन्ट्री अद्यतन होने से आज डिस्जार्च की कुल संख्या में वृद्धि हुई है।

उपरोक्त सारणी के संबंध में जिलेवार संख्यात्मक विवरण पृष्ठ क्रमांक 02 पर उपलब्ध है।

## टेस्टिंग की स्थिति

**आज हुए कुल टेस्ट की संख्या 58,493**

←—— मास्क पहनें, 2-गज की दूरी अपनाएं, साबुन से हाथ धोएं ——→

## छत्तीसगढ़ में COVID-19 की जिलेवार स्थिति दिनांक 03-05-2021

| क्र. | जिला | POSITIVE | | DISCHARGE | | HOME ISOLATION | | TOTAL RECOVRED (DISCHARGE + HOME ISOLATION) | TOTAL ACTIVE CASES | DEATHS | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | TODAY | TOTAL | TODAY | TOTAL | TODAY | TOTAL | | | TODAY | TOTAL |
| 1 | दुर्ग | 931 | 88405 | 130 | 11852 | 177 | 70913 | 82765 | 4190 | 33 | 1450 |
| 2 | राजनांदगांव | 583 | 49972 | 63 | 10927 | 1036 | 31139 | 42066 | 7515 | 11 | 391 |
| 3 | बालोद | 442 | 21118 | 55 | 6606 | 346 | 10493 | 17099 | 3775 | 11 | 244 |
| 4 | बेमेतरा | 303 | 16676 | 4 | 2945 | 900 | 10572 | 13517 | 3007 | 3 | 152 |
| 5 | कबीरधाम | 435 | 17539 | 8 | 1939 | 372 | 10110 | 12049 | 5312 | 6 | 178 |
| 6 | रायपुर | 1102 | 144387 | 240 | 25397 | 735 | 106092 | 131489 | 10354 | 63 | 2544 |
| 7 | धमतरी | 450 | 20550 | 8 | 1719 | 762 | 14259 | 15978 | 4184 | 13 | 388 |
| 8 | बलौदाबाजार | 747 | 31003 | 95 | 6898 | 840 | 18006 | 24904 | 5845 | 4 | 254 |
| 9 | महासमुंद | 702 | 24239 | 25 | 3075 | 372 | 15922 | 18997 | 4988 | 5 | 254 |
| 10 | गरियाबंद | 303 | 15291 | 3 | 2965 | 511 | 8871 | 11836 | 3313 | 4 | 142 |
| 11 | बिलासपुर | 1014 | 54795 | 25 | 5200 | 838 | 41192 | 46392 | 7597 | 15 | 806 |
| 12 | रायगढ़ | 1182 | 45471 | 86 | 9446 | 1121 | 25325 | 34771 | 10149 | 20 | 551 |
| 13 | कोरबा | 1223 | 41394 | 22 | 3633 | 920 | 28974 | 32607 | 8395 | 15 | 392 |
| 14 | जांजगीर-चांपा | 1251 | 41144 | 78 | 6352 | 927 | 25486 | 31838 | 8842 | 19 | 464 |
| 15 | मुंगेली | 622 | 15269 | 7 | 668 | 176 | 9365 | 10033 | 5165 | 11 | 71 |
| 16 | गौरेला पेंड्रा मरवाही | 313 | 6725 | 4 | 396 | 225 | 3808 | 4204 | 2477 | 6 | 44 |
| 17 | सरगुजा | 509 | 21338 | 21 | 2646 | 540 | 14756 | 17402 | 3772 | 3 | 164 |
| 18 | कोरिया | 579 | 14453 | 9 | 1248 | 410 | 10014 | 11262 | 3100 | 3 | 91 |
| 19 | सूरजपुर | 516 | 16037 | 6 | 1480 | 418 | 11329 | 12809 | 3142 | 9 | 86 |
| 20 | बलरामपुर | 369 | 10124 | 4 | 1187 | 344 | 6484 | 7671 | 2405 | | 48 |
| 21 | जशपुर | 609 | 15489 | 69 | 2936 | 342 | 7905 | 10841 | 4540 | 5 | 108 |
| 22 | बस्तर | 172 | 14435 | 33 | 3398 | 193 | 9461 | 12859 | 1466 | | 110 |
| 23 | कोंडागांव | 221 | 8740 | 6 | 1379 | 207 | 5930 | 7309 | 1375 | | 56 |
| 24 | दंतेवाड़ा | 71 | 7766 | 23 | 3423 | 26 | 3925 | 7348 | 400 | | 18 |
| 25 | सुकमा | 26 | 4696 | 21 | 2510 | 12 | 1954 | 4464 | 222 | | 10 |
| 26 | कांकेर | 520 | 16717 | 19 | 2435 | 506 | 9266 | 11701 | 4867 | 7 | 149 |
| 27 | नारायणपुर | 32 | 2519 | 0 | 1727 | 4 | 497 | 2224 | 293 | | 2 |
| 28 | बीजापुर | 44 | 4776 | 22 | 2623 | 28 | 1952 | 4575 | 173 | | 28 |
| 0 | अन्य राज्य | 3 | 633 | 2 | 439 | 0 | 0 | 439 | 114 | | 80 |
| | **महायोग** | **15274** | **771701** | **1088** | **127449** | **13288** | **514000** | **641449** | **120977** | **266** | **9275** |

कोविड से संक्रमित व्यक्तियों के स्थाई निवास अनुसार प्रविष्टि किये जाने के फलस्वरूप, जिलेवार दर्ज कोविड मरीजों की संख्या में अंतर संभावित है।

मीडिया प्रभारी
राज्य कन्ट्रोल एण्ड कमांड सेंटर
(COVID19)



←—— मास्क पहनें, 2-गज की दूरी अपनाएं, साबुन से हाथ धोएं ——→

